प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2023 (विज्ञापन संख्या–01/2024) के संबंध में आवश्यक सूचना।

सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–01/2024 द्वारा विज्ञापित झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2023 पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय के अनुरूप ही दिनांक–17.03.2024 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के संदर्भ में किसी प्रकार के अफवाह एवं तथ्यविहीन सूचनाओं का प्रक्षेपण एवं प्रसारण झारखण्ड प्रतियोगिता परीक्षा (भर्त्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम–2023 के प्रावधानों के अनुरूप एक दण्डनीय अपराध है। अतः किसी प्रकार की भ्रामक सूचना फैलाने में संलिप्त व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूहों को सतर्क किया जाता है कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचारयुक्त गतिविधियों से बचें, अन्यथा उपरोक्त अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

2. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।